जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकः जीविवि/परीक्षा-2/गोप0/2017/1352 दिनांक : 13.11.2017

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बंधित महाविद्यालय,
सम्बद्ध जीवाजी विश्वविद्यालय,
ग्वालियर (म0प्र0)

विषय :- स्नातक/स्नातकोत्तर प्रथम/तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर 2017 के परीक्षा आवेदन पत्र भराये जाने विषयक्।

महोदय,

उपर्युक्त विषयांतर्गत लेख है कि विश्वविद्यालय द्वारा वर्तमान में स्नातक/स्नातकोत्तर प्रथम/तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर 2017 के परीक्षा आवेदन पत्र भराये जा रहे है। उक्त कार्य को और सुगम बनाये जाने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा प्रत्येक छात्र को **ए.टी.के.टी./भूतपूर्व परीक्षा आवेदन पत्र लिंक** पर परीक्षा आवेदन पत्र उपलब्ध कराये जा रहे हैं। उक्त सुविधा से छात्र स्वंय ही केवल अपना परीक्षा आवदेन पत्र एम.पी.ऑनलाईन के किसी भी कियोस्क से अथवा स्वयं ऑनलाईन कर परीक्षा आवेदन पत्र की प्रति के साथ समस्त दस्तावेज संलग्न कर महाविद्यालय में जॉच हेतु प्रस्तुत कर सकते है।

साथ ही ऐसे छात्र जिनके द्वारा सत्र 2012-13 में प्रवेश लिया गया है वे छात्र भी परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन भर सकते है। किन्तु यह अवश्य ध्यान रखा जाये कि सत्र 2012-13 में प्रवेशित छात्रों के लिए यह अंतिम अवसर है। इसके पश्चात् किसी भी स्थिति में ऐसे छात्रों को परीक्षा में बैठने की अनुमति प्रदान नहीं की जावेगी।

महाविद्यालय के प्राचार्य उक्त परीक्षा आवेदन पत्र को जॉचकर्ता से सत्यापित कराकर विश्वविद्यालय की ओर प्रस्तुत कर सकते है। प्राचार्य परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की ओर प्रस्तुत करने से पूर्व यह सुनिश्चित करें कि परीक्षा आवेदन पत्र के साथ छात्र के समस्त दस्तावेजों को संलग्न किया गया है या नहीं? समस्त दस्तावेज संलग्न न होने की दशा में यदि छात्र को परीक्षा में बैठने से रोका जाता है एवं परीक्षा परिणाम घोषित नहीं किया जाता है तो ऐसी स्थिति में समस्त जिम्मेवारी स्वयं छात्र/महाविद्यालय के प्राचार्य की होगी। साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा की गई कार्यवाही के लिए स्वतंत्र होगा।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः-

1. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।
2. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।

सहायक-कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)